हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

14 हाथीबाहरा में आदिवासी समाज ने की बूढ़ादेव ...


14 विधायक ने किया शिवाय क्रिकेट अकादमी ...


## खबर संक्षेप

### महिला से पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला से मारपीट के मामले में पति के खिलाफ पटेवा थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस को राधिका कोसरिया निवासी झलप ने बताया कि 7 सितंब की शाम को महतारी वंदन का पैसा निकालने अपने पति कौशल प्रसाद कोसरिया के साथ च्वाइस सेंटर झलप गई थी। च्वाइस सेंटर में पैसा नहीं निकलने से दोनों पैदल वापस अपने घर जा रहे थे, शाम करीबन 4 बजे गांव के तालाब के पास पहुंचने पर उसके पति कौशल प्रसाद कोसरिया द्वारा घरेलू बात को लेकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगा। जिससे उसके सिर व हाथों में चोटें आई है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी ठोकर

**महासमुंद।** बागबाहरा में दुर्गा मंदिर के पास एक ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि 6 अगस्त को श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर में पेट्रोलिंग की जा रही थी। रात्रि करीबन 11:30 बजे पेट्रोलिंग के दौरान शांति नगर मोड़ दुर्गा मंदिर के सामने एनएच 353 मेन रोड में एक तेज रफ्तार बलकर ट्रक सीजी 07 सीएल 5740 जो महासमुंद की ओर से आ रही थी, ने सामने जा रही कार को टक्कर मार दिया। जिससे कार के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने ट्रक को रूकवाकर चालक से नाम व पता पूछा गया। जिसने अपना नाम तूफानी चमार पिता श्यामाचरण चमार (35 साल) ग्राम नेवडियालाल थाना लालगंज जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश का रहने वाला बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281 भारतीय न्याय संहिता 2023, 184 एमवी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# कलश यात्रा के साथ विधायक कार्यालय पहुंचे एनएचएम कर्मी, सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

एनएचएम संघ इकाई के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सोमवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल के 22 वें दिन कर्मचारी कलश यात्रा रैली निकालकर मोदी के सौ दिन के गारंटी को लेकर नियमितीकरण एवं ग्रेट पे समेत अपनी दस सूत्रीय मांगों लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को ज्ञापन उनके कार्यालय में जाकर सौंपा।





कर्मचारी हर दिन अलग-अलग तरीकों से अनोखे प्रदर्शन कर रहे है। जल सत्याग्रह, कभी खून से भरी चिट्ठी लिख रहे हैं, वहीं कभी पीपीई किट पहनकर दंडवत प्रणाम कर रहे हैं। कभी बीन बजा कर सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं,लेकिन स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ पक्ष-विपक्ष के नेता भी कर्मचारियों के समर्थन में आ चुके है। अब देखना होगा कि सरकार उनकी जरूरी मांगों को पूरा करने की दिशा में कोई सकारात्मक कदम उठाती है कि नहीं।

जिला अध्यक्ष राम गोपाल खूंटे ने बताया कि अब लड़ाई आर-पार की है। प्रशासन का कहना है कि ग्रेड पे, नियमितीकरण का मामला केंद्र सरकार का है जबकि एक आरटीआई द्वारा स्पष्ट हो चुका है कि ग्रेड पे और नियमितीकरण का मामला सिर्फ राज्य सरकारों का है। मध्य प्रदेश सरकार पहले से ही ग्रेड पे अनुकंपा नियुक्ति जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। मध्यप्रदेश सरकार का पत्र सोशल मीडिया में हर तरफ वायरल है और हमारे राज्य में बड़े पद पर बैठे अधिकारियों को इसकी जानकारी ही न हो, ऐसा नहीं हो सकता। बस सरकार तक पहुंचा नहीं रहे है या सरकार की मंशा नहीं है।

## कार्रवाई : आरोपियों से जब्त किए 1.05 लाख रुपए का गांजा

# जिले में फिर गांजा परिवहन तीन लोग हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1.05 लाख का सात किलोग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि 7 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति दो मोटरसायकल में कोमाखान चौखडी एनएच 353 के पास बोरी में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री कर रहे हैं। घटना स्थल पर पहुंचकर तीन संदेहियों को पकड़ा गया। सख्ती से पूछताछ करने पर संदेहियों ने अपने आशाराम कुमार पिता मेघो कुमार (32 साल) अईलापाली थाना पटनागढ जिला बलांगीर (ओडिशा), पवित्र कुमार पिता लोकनाथ कुमार (45 साल) अईलापाली थाना पटनागढ जिला बलांगीर (ओडिशा) और दूसरे मोटरसायकल सवार व्यक्ति ने अपना नाम सुरेश कुमार साहू पिता बृजलाल साहू (26 साल) चुर्रूपाली चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना जिला महासमुंद होना बताया। संदेही आशाराम कुमार बताया कि उसके गांव अईलापाली थाना पटनागढ जिला बलांगीर ओडिशा के आसपास के जंगलों में चोरी छिपे गांजा की खेती होती है। जहां उसने और उसके दोस्त पवित्र कुमार ने गांजा इकट्ठा कर रखा हुआ था। जिसे छत्तीसगढ़ में पहचान के सुरेश कुमार साहू को पूर्व में भी दो-तीन बार गांजा लाकर दिया था तथा पुरानी जान पहचान होने से सुरेश ने फोन कर गांजा लाने को कहा था। जिसे वह कोमाखान चौखडी एनएच 353 के पास सुरेश साहू को बेच रहा था। आरोपियों के कब्जे से सात किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,05,000 लाख रुपए बरामद किया गया। इसके अलावा बाइक, मोबाइल, नगदी रकम 7000 रुपए कुल कीमत 1,60,200 रुपए का सामान जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। बलौदा पुलिस ने बताया कि ग्राम कसडोल से एक व्यक्ति के फोन से सूचना मिला कि ग्राम कसडोल में एक व्यक्ति को सफेद साहू के द्वारा अवैध रूप से बना हाथ भट्ठी महुआ शराब रखने पर पकड़ा गया है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर प्रदीप यादव के घर के सामने ग्राम कसडोल से आरोपी नारायण प्रधान पिता भगवानो प्रधान (35 वर्ष) कसडोल थाना बलौदा के कब्जे से 8 लीटर हाथ भट्ठी से बना महुआ शराब, कीमत 1600 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### शराब की अवैध बिक्री के मामलो में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

महासमुंद। शराब की अवैध बिक्री के तीन मामलों में जिले की पुलिस ने अलग-अलग थानों में आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की है। तुमगांव पुलिस ने ओवरब्रिज तुमगांव से आरोपी टीकम सेन पिता राजू सेन (24 साल) निवासी वार्ड नं0 18 बेमचा थाना महासमुंद के कब्जे से 90 पौवा गोल्डन गोवा शराब, कीमत 10800 रुपए, मोटर साइकिल और मोबाइल कुल कीमत 42800 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं खल्लारी पुलिस ने वीरा पेट्रोल पंप के पीछे मैदान ग्राम पचेड़ा में एक व्यक्ति द्वारा शराब बिक्री किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विनय चौहान उर्फ कान्हा चौहान पिता रामाधार चौहान (29 वर्ष) पचेड़ा थाना खल्लारी जिला महासमुंद होना बताया। जिसके कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 36 पौवा कीमत 2880 रुपए को जब्त किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# किसानों की जमीन के फर्जी सौदे का आरोप

## हमने कोई इकरारनामा नहीं किया, कलेक्टर-एसपी को सामूहिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

जमीन खरीदी बिक्री को लेकर करोड़ों के फ्रॉड की खबर रायपुर से प्रकाशित एक दैनिक (हरिभूमि नहीं) में प्रकाशित होने पश्चात बरभाठा के किसानों ने इसे भ्रामक बताया है और कहा है कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति के साथ जमीन बेचने का कोई सौदा/इकरारनामा



नहीं किया। किसानों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को सामूहिक आवेदन सौंपते हुए फर्जी सौदा दिखाने वालों पर एफआईआर की मांग की। आवेदन की प्रतियां एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व अधिकारियों, पटवारी हल्का और जनपद/जिला पंचायत व ग्राम पंचायत को भी दी गई हैं।

किसानों का कहना है कि प्रकाशित खबर में जिन दस्तावेज़ों/इकरारनामों का हवाला दिया गया, वे उनकी जानकारी-सहमति के बिना तैयार किए गए हैं और किसी भी तरह की रजिस्ट्री नहीं हुई। किसानों ने स्पष्ट किया कि ताजदार खान और संजीत जांगड़े से उनका कोई सौदा नहीं हुआ। यदि उनके नाम से किसी प्रकार का समझौता-पत्र या गवाह दर्शाया गया है, तो वह फर्जी है। शिकायत में दर्ज है कि इस तरह की खबरों/दावों से ग्रामीण परिवारों में आतंक और मानसिक परेशानी पैदा हो रही है।

आवेदन में दर्ज बिंदु के तहत किसानों न मांग की है कि धोखाधड़ी व जालसाजी से संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जाए। जिन लोगों ने किसानों के नाम से इकरारनामा/गवाह दिखाए, उनके स्रोत और दस्तावेज़ों की वैधता की पड़ताल की जाए। जांच पूरी होने तक संबंधित जमीनों पर किसी प्रकार की रजिस्ट्री/बिक्री न हो। सामूहिक आवेदन में किसानों (लगभग दर्जनभर से अधिक) के नाम दिए गए हैं, जिन्होंने सौदे से स्पष्ट इनकार किया है।

बरभाठा के किसान पंचराम, रमेश, सुरेश, पन्नालाल, सुखराम, आनंद राम, आनंदी, पासवेंद्र, नंदकुमारी, विमला बाई, भुखन साहू, पीतांबर एवं सुकालू ने लिखित आपत्ति दर्ज कराते हुए कलेक्टर-एसपी को आवेदन सौंपा। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दावे-विवाद को तत्काल प्रभाव से परखा जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसानों की जमीनों के साथ फर्जीवाड़ा न हो।

# विलंब से शाला आने वाले एवं अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्कूलों में विलंब से पहुंचने वाले एवं बिना कारण या पूर्व स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला भुरका के प्रधान पाठक धनुर्जय पटेल द्वारा संस्था में विलंब से आने एवं समय पूर्व जाने संबंधी शिकायत मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त संबंध में पूर्व में भी स्पष्टीकरण जारी किया गया था। किंतु उनके द्वारा लगातार इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है, जो कि कार्य के प्रति लापरवाही, अनुशासन हीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। तत्संबंध में उन्हें स्पष्टीकरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष 03 कार्यालयीन दिवसों में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है।

### बावनकेरा स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण

स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जाएगा। इसी तरह जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा एवं सहायक संचालक एमजी सतीश नायर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावनकेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# मांगों को लेकर स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ का प्रदर्शन शुरू

## 8 सितंबर को काली पट्टी लगाकर जताया विरोध, 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

प्रदेश में राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के बाद अब कृषि विभाग छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ अपनी विभिन्न नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने निर्णय लेते हुए हड़ताल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी अनुसार संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे। 15 सितंबर को जिले के समस्त विकासखंड एवं जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा।



संघ द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एवं रैली निकाल कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 9 सूत्रीय लंबित मांगों में वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर 2500 रुपए करने, सभी ऑनलाइन विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाईल इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, राजस्व विभाग के तर्ज पर विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने के लिए, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी गैरविभागीय कार्यों में ना लगाने, कृषि आदान सामग्री सेवा सहकारी समितियों में भंडारण करने, डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद में विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति शामिल है। आंदोलन को सफल बनाने कृषि स्नातक कृषि अधिकारी जोरशोर से जुट हो गए है।

## अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से

# एशिया कप में दिव्या का भारतीय बास्केटबॉल टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के लिए खेल जगत से एक और गर्व की खबर आई है। एफआईबीए अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितंबर तक आयोजित किया जाना है। इसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 सितंबर तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित किया गया है। जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी का चयन हुआ है। भारतीय टीम में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद भारतीय टीम पीबा अंडर 16 वुमेंस एशिया कप 2025 सेरेंबन मलेशिया में आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारतीय टीम साउथ एशियन जोन की टीम से शामिल होगी। इसके लिए 12 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई है, जिसमें छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी भी शामिल हैं। दिव्या ने इससे पहले अंडर 16 एशिया कप सब क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीव में आयोजित किया गया था। जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और एशिया कप 2025 मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया तथा भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है।



**स्थानीय मिनी स्टेडियम में नियमित अभ्यासः** दिव्या मिनी स्टेडियम में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने के साथ ही इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। जिला मुख्यालय में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया जाता हैं जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ ही पदक जीतने में सफल रहे हैं।



### अगले बरस आगमन की प्रतिक्षा देकर विदा हुए विश्वराजा

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय स्थित बाजार वार्ड में 11 दिनों तक पंडाल में विराजमान रहने के बाद सोमवार को भगवान गणेश की विदाई होती रही है। गणेश चतुर्थी के त्योहार की समाप्ति के साथ, भक्तों ने नम आंखों और भारी मन से अपने प्रिय बप्पा को विदा किया। गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ, के जयकारों के साथ, पूरे नगर में उत्सव और भक्ति का माहौल देखा गया।

## खबर संक्षेप

### चैंबर ने प्रतिभा पब्लिक स्कूल के शिक्षकों का किया सम्मान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स नगर इकाई के तत्वाधान में अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, सचिव सेवा शंकर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज जैन तथा सदस्य कैलाश अग्रवाल एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल के कुछ शिक्षक/शिक्षिकाओं का सम्मान साल एवं मोमेंटो प्रदान कर किया गया। जिसमें उप-प्राचार्य नासिर खान, विज्ञान शिक्षक नवीन कर एवं नीलम पाणिग्राही के साथ शिक्षिका रेणुका त्रिपाठी, मनीषा बग्गा एवं गीतांजलि प्रधान शामिल थे। कार्यक्रम में प्राचार्य नरहरि पटनायक तथा स्कूल संचालक डॉक्टर आभाष अग्रवाल की उपस्थिति रही। सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी को आभार जताया।

### शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**धमतरी।** अग्रसेन भवन में आज 9 सितम्बर को सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम 4:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुमंत शेखर पाढ़ी कार्डियोलॉजिस्ट एनएचएमएमआई रायपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि सूरजसिंह परिहार पुलिस अधीक्षक होंगे। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. हीरा महावर, अशोक पवार, रमेश पंजवानी, अजय छाजेड़, राकेश झंवर, विनोद पांडेय, अनुराग महावर ने सभी प्रतिभागियों और धमतरीवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### रजत जयंती वर्ष पर रोजगार मेला 10 को

**धमतरी।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर 10 सितम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने के उद्देश्य से यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 1600 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

### सिहावा में डीजे डांस प्रतियोगिता 10 को

**नगरी।** युवा गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सिहावा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डीजे प्रतियोगिता 10 सितंबर को बस स्टैंड सिहावा में रात्रि 8 रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### एमबीबीएस में तिलोकचंद का चयन

**सिर्री।** मौरीखुर्द (दहदहा) निवासी तिलोकचंद साहू पिता रामसिंह साहू ने नीट परीक्षा 504 अंकों के साथ सफलता हासिल की है। उनका चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में हुआ है। तिलोकचंद ने अपनी पढ़ाई दहदहा, भैंसमुंडी, नारी के शासकीय स्कूल में की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 10 को

**धमतरी।** जिला स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम (सुप्रजा) गतिविधियों का प्रदर्शन लगभग 200 महिलाओं की उपस्थिति के सुप्रजा गतिविधि का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 15 सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुप्रजा सखी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी एवं लोक कलाकारों द्वारा सुप्रजा गतिविधियों का मंचन किया जाएगा। 10 सितंबर को जिला स्तरीय निः शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन धमतरी में किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, आयुष चिकित्सा पद्धति तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को समाज तक पहुंचाना है।

---

**आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छग रजत जयंती समारोह का शुभारंभ**

# छात्रा ने कहा: छत्तीसगढ़ की असली ताकत सादगी, संस्कृति और लोक परंपराओं में हैं, जिसे संरक्षित रखना युवाओं की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह का शुभारंभ किया गया। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन एवं सतपाल सिंह पाली जनभागीदारी अध्यक्ष की विशेष सहयोग में तथा प्राचार्य अनुसुईया अग्रवाल के निर्देशन में समारोह के प्रथम दिवस छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमन वर्मा जनभागीदारी सदस्य एवं मनुमोहन समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ अनुसुईया अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ प्राध्यापक प्रतिमा चंद्राकर रही। स्वागत भाषण की कड़ी में वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर 2000 को हुआ था, जब यह मध्यप्रदेश से अलग होकर एक स्वतंत्र राज्य के रूप में अस्तित्व में आया और यह सिर्फ एक राजनीतिक बदलाव नहीं था, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान की पुनर्स्थापना भी थी। छत्तीसगढ़ केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि यह संघर्ष, संस्कृति और आत्मसम्मान की पहचान है।

तत्पश्चात संस्था प्रमुख प्राचार्य प्रो.




अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल विकास के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियां सराहनीय हैं। यह जरूरी है कि युवा पीढ़ी इस विकास यात्रा को समझे और उसका हिस्सा बने। भाषण प्रतियोगिता में निहारिका ध्रुव बीएससी प्रथम सेमेस्टर, कशिश चंद्राकर बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, शिवानी बीए तृतीय सेमेस्टर, ट्विंकल साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, हेमलता निषाद बीए अंतिम वर्ष, निखिल साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, चिराग साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और छत्तीसगढ़ की यात्रा को अपने-अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया।

छात्रों ने राज्य की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर गहरी अंतर्दृष्टि दी। एक छात्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की असली ताकत इसकी सादगी, संस्कृति और लोक परंपराओं में है, जिसे संरक्षित रखना हम युवाओं की जिम्मेदारी है। एक अन्य छात्र ने कहा कि अगर हम शिक्षा और तकनीक को गांव-गांव तक पहुँचा सकें, तो छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो सकता है। इन विचारों ने न केवल कार्यक्रम में मौजूद जनसमूह को प्रभावित किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आज का युवा राज्य के विकास और उसकी पहचान के प्रति जागरूक है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर अर्थशास्त्र रवि देवांगन ने किया। अतिथि व्याख्याता राजनीति विज्ञान हरिशंकरनाथ एवं अतिथि व्याख्याता रसायन शास्त्र कार्यक्रम प्रभारी चित्रेश बरेठ रहे। इस दौरान महाविद्यालय के प्रोफेसर रवि देवांगन अर्थशास्त्र, अतिथि व्याख्याता आलोक हिरवानी, संजय कुमार, माधुरी दीवान, डॉ. ग्लेडिस मैथ्यू, खुशबू ग्रंथपाल, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे।

---


**मनमानी: राजस्व विभाग ने 10 तक जवाब प्रस्तुत करने जारी किया नोटिस**

# उद्योगपति ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

तहसील बसना अंतर्गत के ग्राम अखराभांठा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में एनआरवीएस स्टील लिमिटेड के डायरेक्टर विजय अग्रवाल पिता नंदकिशोर अग्रवाल निवासी रायगढ़ को राजस्व विभाग द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटवारी हल्का क्रमांक 44 ग्राम अखराभांठा द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है कि गांव की शासकीय भूमि खसरा नंबर 318, 330 (घास चराई), 322, 328, 117 (पहाड़ चट्टान) की कुल रकबा 10 हेक्टेयर में से लगभग 5.21 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा होना पाया गया है। बताया गया है कि उक्त भूमि के हिस्से पर सोलर प्लांट का निर्माण कर लिया गया है तथा कुछ भाग को घेराबंदी कर कब्जे में ले लिया गया है।



राजस्व अधिकारियों ने मामले को गंभीर मानते हुए अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इसके आधार पर विजय अग्रवाल को नोटिस जारी कर निर्देशित किया गया है कि वे आगामी 10 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि वे नियत तिथि पर न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में थाना प्रभारी बसना को भी सूचित किया गया है तथा उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि संबंधित खसरा नंबरों से अतिक्रमण रोकने एवं स्थगन आदेश का पालन करवा कर न्यायालय को अवगत करायें। साथ ही राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी को भी निर्देशित किया गया है कि स्थगन आदेश जारी होने के बाद भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य की स्थिति का प्रतिवेदन नियत तिथि से पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करें। ग्राम अखराभांठा की यह शासकीय भूमि राजस्व रिकॉर्ड में घास चराई एवं पहाड़ चट्टान श्रेणी में दर्ज है, ऐसे में इस भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण या उपयोग नियम विरुद्ध माना जाता है। अखराभांठा के ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि उक्त अतिक्रमित भूमि मुक्त किया जाए। अब देखना यह होगा कि उद्योगपति विजय अग्रवाल न्यायालय में क्या जवाब प्रस्तुत करते हैं और प्रशासन इस पूरे मामले में आगे क्या कार्रवाई करता है।

---

## जिले में मनाया गया नेत्रदान पखवाड़ा इस वर्ष दो लोगों ने किया नेत्रदान

**महासमुंद।** कलेक्टर के आदेशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव के निर्देशानुसार एलपी सीडी के नोडल अधिकारी तथा अनिल गोरियार के मार्गदर्शन में 25 अगस्त से 08 सितंबर 2025 तक नेत्रदान पखवाड़ा पूरे जिले में मनाया गया। नोडल अधिकारी अंधत्व डॉ. अनिल गोरियार ने बताया कि नेत्रदान क्यों आवश्यक है। इसके माध्यम से कितने लोगों को रोशनी मिल सकती है। साथ ही नेत्रदान किन परिस्थितियों में किया जा सकता है, उक्त संबंध में जनसामान्य को जानकारी दी गई कि नेत्रदान मृत्यु उपरांत ही किया जाता है। यह प्रक्रिया मृत्यु के 6 घंटे के अंदर पूरी की जानी चाहिए। मृतक के परिवार की सहमति नेत्रदान के लिए आवश्यक है। घोषणा पत्र भरे बिना भी परिवार की सहमति से नेत्रदान किया जा सकता है। नेत्रदान से प्राप्त कार्निया की कोई खरीद फरोख्त नहीं की जाती। कुछ विशेष परिस्थितियों में मृत्यु होने पर नेत्रदान नहीं लिया जाता है जैसे सर्पदंश, फांसी, जहर या पानी में डूबकर या एचआईवी से मृत्यु होने पर नेत्रदान नहीं लिया जाता। विगत वर्षों में लगातार नेत्रदान पखवाड़े में प्रतिवर्ष लोगों में जागरुकता पैदा करने की वजह से इस वर्ष 01 जुलाई 2025 को राजकुमार पटेल द्वारा अपनी माता दयामती पटेल पति स्व. बाबूलाल पटेल (67 वर्ष) ग्राम गोड़बहाल विकासखंड पिथौरा की सामान्य मृत्यु उपरांत नेत्रदान किया गया। इसी प्रकार बागबाहरा निवासी विजय लाल सांखला की धर्मपत्नी कमला बाई सांखला (90 वर्ष) की सामान्य मृत्यु होने पर उनके पुत्र त्रिलोकचंद सांखला द्वारा नेत्र प्रदान किया गया। इस वर्ष अभी तक दो लोग नेत्रदान कर चुके हैं। इसी पखवाड़े में इस वर्ष कुछ लोगों द्वारा नेत्रदान का घोषणा पत्र भरकर नेत्रदान की घोषणा भी की गई। जिनमें सागर चंद्राकर क्रॉसफिट जोन पिता दाऊलाल चंद्राकर वार्ड नंबर 16 त्रिमूर्ति कॉलोनी महासमुंद, योगेश देवांगन पिता नाथूराम देवांगन वार्ड नं. 20 ग्राम सेवैय्या कला पिथौरा, योगेश मिश्रा पिता त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा वार्ड नं. 01 वृंदावन कालोनी झलप, विवेक सोनी पिता भोला प्रसाद सोनी वार्ड नं. 27 गुड़रूपारा महासमुंद, बनमाली पांडे पिता चैनू पांडे ग्राम गढ़फुलझर बसना, नरेश पटेल ग्राम बरपेलाडीह बसना, बरतमोती साहू दुरुगपाली बसना, रवि राय साहू ग्राम दुरुगपाली बसना, तुलसीराम साहू पिता रामेश्वर ग्राम दुरुगपाली बसना ने घोषणा पत्र भरकर इस पखवाड़े में नेत्रदान की घोषणा की गई।

---

## अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर तुरतुरिया पर्यटन स्थल में चलाया स्वच्छता अभियान

**पिथौरा।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 08 सितंबर 2025 को बलौदाबाजार वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के निर्देशानुसार एवं बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य के अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर के मार्गदर्शन में बारनवापारा अभ्यारण्य अंतर्गत प्रसिद्ध तुरतुरिया पर्यटन परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस स्वच्छता अभियान में वन विभाग के परिक्षेत्र बारनवापारा, कोठारी एवं बल्दाकछार के परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी, बारनवापारा विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विद्यार्थी, तुरतुरिया पर्यटन प्रबंधन समिति के सदस्य एवं आसपास के ग्रामीणजन सक्रिय रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंतर्गत तूरतिरिया परिसर आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई, कचरे को हटाया गया एवं उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने और परिसर को प्लास्टिक मुक्तधाम के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया गया कि साक्षरता केवल पढ़ने-लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज एवं पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी एक सच्चे अर्थों में साक्षर व्यक्ति का परिचायक है।



इस अवसर पर ग्राम ठाकुरदिया, पैरागुड़ा, खुडमुड़ी, बफरा एवं बिंभौरी के ग्रामीणों को तुरतुरिया धाम की महत्ता एवं इसके भविष्य को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी गोपाल प्रसाद वर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी कोठारी जीवन लाल साहू, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल राहुल उपाध्याय,अतुल तिवारी, दीक्षा पाण्डेय, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जयकिशन यादव, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी बारनवापारा के दुर्गेश कुमार वर्मा सहित विभाग के समस्त कर्मचारी एवं स्थानीयजन उपस्थित रहे।

---

## एसबीआई फाउंडेशन के अधिकारियों ने किया शहर के 'मां की रोटी' कैंटीन का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित 'मां की रोटी' महिला कैंटीन का अवलोकन एसबीआई फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कैंटीन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याओं से चर्चा की।

कार्यक्रम गरिमा भवन में आयोजित हुआ, जिसमें जनपद सीईओ बीएस मांडवी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मां फाउंडेशन के पदाधिकारी तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। एसबीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं सीईओ जगन्नाथ साहू ने कहा



कि फाउंडेशन का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। 'मां की रोटी' कैंटीन इस दिशा में सराहनीय पहल है, जहां मात्र 50 रुपए की दर पर गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के पांच स्थानों पर यह कैंटीन संचालित है। जनपद सीईओ मांडवी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि महिला समूह शहर में घर जैसा स्वाद और स्वच्छता के साथ भोजन उपलब्ध करा रहे हैं। यदि कैंटीन में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों को भी जोड़ा जाए तो इससे आर्थिक लाभ और बढ़ेगा। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन से सुभाषित मंडल, राजश्री वर्मा तथा मां फाउंडेशन से प्रियंका कामटे, रंगत मिश्रा एवं संजय तरम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों को गुलदस्ता और मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि 'मां की रोटी' कैंटीन का संचालन जय गंगा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है, जिसमें 12 महिलाएं निरंतर कार्यरत हैं। कैंटीन स्टेशन रोड स्थित परिसर में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहता है, जहां मात्र 50 रुपए में पौष्टिक थाली उपलब्ध है। महिला समूह की मार्गदर्शक प्रेमशीला बघेल ने बताया कि इस पहल से न केवल किफायती भोजन उपलब्ध हो रहा है बल्कि महिला समूहों को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सशक्त बनाया जा रहा है।

---

**पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रहा विसर्जन कार्यक्रम**

# रूद्री बरॉज में हुआ गणेशजी की 660 छोटी-बड़ी मूर्तियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

पुलिस बल की सघन तैनाती के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में जिले भर में लगभग हजारों मूर्तियां विसर्जित की गईं। अकेले रूद्री बरॉज में 660 से अधिक गणेशजी की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।

जिले भर में गणेशजी की झांकी का मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा-उत्साह और सौहार्द के वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। लगातार दो दिन और दो रात तक चले इस विशाल धार्मिक आयोजन में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान पुलिस बल ने सर्तकता और मुस्तैदी का परिचय दिया। झांकी व विसर्जन के प्रत्येक रूट पर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जिसके चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन और मौजूदगी में झांकी व विसर्जन के दौरान जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। एसपी लगातार अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की पल-पल की मानिटरिंग करते रहे। इस दौरान पूरे जिले भर में झांकी एवं विसर्जन का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रहा।



### पुलिस बल की तैनाती के कारण अप्रिय घटना नहीं

सदर बाजार मार्ग एवं शहर के हृदयस्थल से गुजरने वाली झांकियों के दौरान भारी भीड़ को संकरी गलियों से गुजारना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती व सतत मानिटरिंग के कारण कहीं भी चाकूबाजी, पाकिटमारी या भगदड़ जैसी अप्रिय घटना नहीं हुई है। श्रद्धालु पूरी शांति और श्रद्धा के साथ गणेश भगवान की विदाई में सम्मिलित हुए।



### जिले भर में हजार से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन

जिले के धमतरी, कुरूद एवं नगरी अनुभाग में गणेश जी की 1000 से अधिक बड़ी एवं छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अकेले रूद्री बरॉज में ही धमतरी शहर की ओर से 117 बड़ी मूर्तियां एवं 542 छोटी मूर्तियां पूरे विधि-विधान के साथ विसर्जित की गई है। धमतरी शहर, कुरूद एवं भखारा क्षेत्र में झांकी सहित भव्य विसर्जन यात्रा संपन्न हुई जिसमें हजारों श्रद्धालुजन शामिल होकर गणपति बप्पा के विदाई के साक्षी बने।

### पुलिस ने किया था होम वर्क

सभी अनुभाग में पुलिस द्वारा पूर्व में ही व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए होम वर्क किया गया था। अवांछनीय स्थिति को रोकने पुलिस ने पूर्व में ही गुंडा-बदमाशों पर कठोर कार्रवाई की गई थी। वहीं नशे के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। पूर्व तैयारी के चलते ही बड़ा आयोजन शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न हुआ।

### इन अधिकारियों का रहा योगदान

झांकी विसर्जन यात्रा को संपन्न कराने में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, शैलेन्द्र पांडेय, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, एसडीएम पीयूष तिवारी, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, नगर निगम के राजस्व अधिकारी, थाना प्रभारी, क्यूआरटी टीम, साइबर सेल सहित पुलिस जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

## तालाब में डूबने से दो साल के मासूम की मौत

**धमतरी।** दो साल के मासूम बच्चे की घर के पास स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गई। अस्पताल पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी निवासी परशुराम नेताम रविवार को अपनी पत्नी के साथ खेत गया था। उसका दो वर्ष का बेटा शिशुपाल नेताम अपनी दादी के पास घर पर था। शाम को भतीजा लोकेश ने खेत पहुंचकर बताया कि शिशुपाल घर पर नहीं है। बच्चे को खोजने की बात बताई। परशुराम अपनी पत्नी के साथ तत्काल घर पहुंचा और बच्चे की तलाश शुरु कर दी। इसी दौरान परशुराम का बड़ा भाई किशनलाल नेताम लघुशंका के लिए घर के पास स्थित तालाब की तरफ गया। तालाब के पानी में बच्चे का शव देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। बच्चे को तलाब से निकालकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## कुकरेल ब्लाक में शामिल करने पर भोयनावासियों को आपत्ति

**धमतरी।** ग्राम विकास समिति भोयना ने ग्राम पंचायत भोयना को कुकरेल ब्लाक में शामिल करने पर आपत्ति की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे भोयना सरपंच पारथ ध्रुव, ग्राम समिति अध्यक्ष सीताराम नेताम, सचिव चंद्रहास नेताम, हेमनलाल साहू, शंकर, भुवन लाल, उपेन्द्र सिन्हा, शुकलाल, श्रवण, गौकरण आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि ग्राम भोयना धमतरी ब्लाक से बहुत करीब है। ग्रामीणों को सभी कार्य के लिए धमतरी पास पड़ता है। कुकेरल ग्रामीणों को दूर पड़ता है तथा अनुविभागीय कार्यों के लिए नगरी जाना पड़ेगा। समस्या को देखते हुए पंचायत ग्राम विकास समिति तथा ग्रामीणों को कुकरेल ब्लाक से शामिल करने पर आपत्ति है। कुकरेल ब्लाक में भोयना गांव को शामिल नहीं करने की मांग की है।

## पितरों का आगमन शुरू, स्वागत में घर-घर बनेंगे पकवान

**धमतरी।** पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण का सिलसिला सोमवार से शुरू हो गया है। पितृपक्ष के पहले दिन बैसकी पर गांवों में काम धाम बंद रखा गया। घर के आंगन की गोबर से लिपाई कर आटे का चौक बनाया गया। इस चौक में पितरों का आह्वान कर विराजित किया गया। सुबह स्नान के बाद लोगों ने सबसे पहले पितरों का तर्पण किया।



भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो गया है। पहले दिन बैसकी मनाया गया। मान्यता के अनुसार इस दिन से पितरों का घर में आना शुरू हो गया है। अब से 15 दिन आश्विन मास तक पितृपक्ष चलेगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों को तर्पण और श्राद्ध के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पंडित युवराज शर्मा के अनुसार अमावस्या को पितृ विसर्जन किया जाएगा। पितृपक्ष में शुभ कार्य, नये वाहन, कपड़े, बर्तन सहित अन्य नई चीजों की खरीदी को अशुभ माना जाता है।

## खबर संक्षेप



### तारिणी-माहिका को मिला गोल्ड व सिल्वर मेडल

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल की होनहार छात्रा तारिणी साहू कक्षा सातवीं ने फैंसिंग तलवार बाजी में गोल्ड मेडल एवं कक्षा आठवीं की छात्रा माहिका बंजारे ने सिल्वर मेडल प्राप्त किए। स्कूल के चेयरमैन महेंद्र जैन एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा ने कहा कि छात्राओं का स्कूल का नाम गौरवान्वित किए। मार्गदर्शक खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर के परिश्रम का यह प्रतिफल मिला। इन छात्राओं के माता-पिता, स्नेहीजनों में हर्ष व्याप्त है। जैन ने तारिणी साहू एवं माहिका बंजारे को खेल क्षेत्र में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में निरंतर अग्रसर विजित होने प्रेरित किया। समिति मेंबर कोषाध्यक्ष कविता पींचा, पीयूष लूनिया, कमल लूनिया, किशोर शुक्ला, दिलीप बोथरा आदि शिक्षकों ने भी हर्ष जताया है।

### रजत जयंती पर जिला स्तरीय रोजगार मेला 12 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रदेश के रजत जयंती पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं ज़िला रोज़गार एवं स्वरोज़गार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ज़िला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 12 सितंबर शुक्रवार को मचेवा स्थित महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं ज़िला रोज़गार अधिकारी के निर्देशन में आयोजित है। कार्यक्रम संयोजक डॉ मालती तिवारी, सहसंयोजक अजय कुमार राजा, महाविद्यालय जिला रोजगार प्रकोष्ठ के संयोजक दिलीप कुमार बढ़ाई, सहसंयोजक डॉ. नीलम अग्रवाल, सदस्य प्रदीप कन्हेर, मनबोध चौहान, डॉ अजय कुमार देवांगन है।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर पुस्तक मेला आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विवेकानंद सभागार मचेवा में मंगलवार 9 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पुस्तक मेला आयोजित किया जाएगा। पुस्तक मेला में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष संदीप दीवान, सांसद प्रतिनिधि संदीप घोष, अध्यक्ष पिटियाझर सोसायटी रमेश साहू एवं छग सर्व आदिवासी समाज के उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव उपस्थित रहेंगे। पुस्तक मेला में कला, साहित्य, विज्ञान, भाषा सहित शासकीय योजनाओं से संबंधित पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा समस्त पुस्तक प्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस मेले का लाभ उठाएं।

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत जिला पंचायत में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक में उन्मुखीकरण कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, सभी जिला पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार मौजूद थे। इस अवसर पर आदि कर्मयोगी अभियान की जानकारी मास्टर ट्रेनर निलेश खांडे के द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को दी गई।

इसके पूर्व अभियान के अंतर्गत जिले के पांचों विकासखंड से 50 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया है। इन मास्टर ट्रेनर्स द्वारा अपने-अपने विकासखंडों में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर आदि सहयोगी की टीम का गठन करेंगे। जिसमें शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, चिकित्सक, युवा नेता,



सामाजिक मुखिया आदि जो ग्राम स्तर पर योजना क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। अभियान के तीसरे क्रम में आदि साथी के रूप में ऐसे हितग्राहियों का पहचान की जाएगी जिन्हें योजनाओं का सीधा लाभ दिया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति (कमार) के लिए 9 अलग अलग मंत्रालयों के 11 प्रकार के कार्यों से संतृप्ति का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान अंतर्गत महासमुंद विकासखंड के 25 ग्रामों, बागबाहरा के 33, पिथौरा के 210, बसना के 24 एवं सरायपाली विकासखंड के 16 ग्रामों को शामिल किया गया है। अभियान अंतर्गत जिले के 308 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

### सभी विकासखंडों में भी एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

अभियान के तहत सभी विकासखंड मुख्यालय में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, संबंधित ग्राम के पंचायत प्रतिनिधि सहित जनपद सीईओ और विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स मौजूद थे। महासमुंद जनपद पंचायत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी के निर्देशन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम स्तर पर बनाए जाने वाली योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष दिशा दीवान एवं उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर मौजूद थी।

## पचेड़ा में गाजे-बाजे के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा में 11 दिन गणेश पूजा करने के बाद सभी गणेश समितियों ने गाजे-बाजे के साथ प्रतिमाओं का भव्य शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। ग्राम पचेड़ा में गणेश समितियों ने इस वर्ष सार्वजनिक स्थानों पर गणेश की मूर्ति विराजित कर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर अनंत चतुर्दशी के दिन उल्लासपूर्वक गाजे बाजे के साथ नाचते हुए गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ रिद्धि-सिद्धि के स्वामी मंगलमूर्ति गणपति की प्रतिमा का तालाब में विसर्जन किया गया। इसमें बस स्टैंड चौक पचेड़ा के समिति के प्रमुख मुरली साहू, विकास चौहान उपाध्यक्ष, सोनू खान, करण साहू कोषाध्यक्ष, जितेंद्र ध्रुव सचिव, मोनू योगी, भारत साहू, गगन नायक, मयंक महानंद, अमन, सागर नायक, धरम साहू, जगन्नाथ निषाद, भीखम सोनवानी, सूरज सोनवानी, मनहरण यादव, कंकेश साहू, चंदूलाल नायक, द्वारिका चौहान, अरुण नारंग, पुरुषोत्तम साहू, किशन चक्रधारी, लोचन ध्रुव समेत ग्रामीणजन भारी संख्या में भगवान को विदाई दिए। उक्त जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।



## शिक्षक दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर शिक्षकों का किया सम्मानः बलराम

**खल्लारी-भीमखोज।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीकेबाहरा में सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन शाला बच्चों द्वारा रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष द्रोण पटेल उपस्थित रहे। शाला के प्राचार्य अंकित चंद्राकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेमराज साहू सरपंच ग्राम पंचायत बीकेबाहरा, विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य बलराम ठाकुर, कलाराम साहू, पंचू राम ध्रुव, गंगू राम साहू, राधेश्याम पटेल, यामिनी साहू, धनेश्वरी चंद्राकर, अजय चंद्राकर, भरत तंबोली योगिता कुर्वंशी, दमयंती कौशिक, मंजुला टांडी, टिकेंद्र चंद्राकर, युगल साहू, सुनीता साहू, दिव्या साहू, नम्रता तिवारी, मंजू नशीने, घनश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, रमेश गिरी गोस्वामी, ज्योति चंद्राकर, निशा पंडित उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि द्रोण पटेल द्वारा सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णनन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों के एवं शिक्षा के महत्व को बताया। विशेष अतिथि बलराम ध्रुव ने कहा कि आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियों के लिए बच्चों का मार्गदर्शन किया एवं हर-सम्भव सहयोग के लिए आश्वस्त किया, जैसे आर्थिक व्यवस्था, कोचिंग की व्यवस्था और व्यावसायिक अध्ययन प्रवेश सबंधित बातें कही गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा समाज की धुरी है, शिक्षा के माध्यम से ही राष्ट्र का विकास संभव है। बच्चों को शिक्षा देकर बच्चों के माध्यम से देश के भविष्य का निर्धारण शिक्षक करते हैं। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए यामिनी साहू ने कहा कि शिक्षक वह ज्ञान की किरण है, जिसके ज्ञान से पूरी दुनिया प्रकाशित होती है। अनपढ़ व्यक्ति शिक्षक के सानिध्य को पाकर सुगढ़ हो जाता है। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों के सम्मान के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस का कार्यक्रम शाला प्रांगण में मनाया गया।

### युक्तियुक्तकरण से शिक्षकों की कमी हो रही दूर

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप स्कूलों में युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की पढ़ाई में निरंतरता आई है। मुख्यमंत्री की इस सोच को शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण के माध्यम से अमलीजामा पहनाया गया और जिन शैक्षणिक संस्थानों मंत अतिशेष शिक्षक हैं, उन शिक्षकों की शाला विहीन व एकल शिक्षकीय शालाओं में पदस्थापना की गई। महासमुंद जिले में भी निर्देशानुसार विद्यालयों का युक्तियुक्तकरण के तहत समायोजन किया गया है। युक्तियुक्तकृत एवं अन्य विद्यालयों में दर्ज संख्या के अनुपात में बसना विकासखंड में कुल अतिशेष शिक्षक 126, सरायपाली में 152, पिथौरा में 139, महासमुंद में 211, बागबाहरा में 75 इस तरह कुल 703 शिक्षकों का नियमानुसार कांउसलिंग के माध्यम से रिक्त पदों पर समायोजन किया गया। इस प्रक्रिया से उन विद्यालयों में शिक्षकों की पूर्ति होगी। जहां उक्त विषय के शिक्षकों की कमी थी। बसना विकासखंड अंतर्गत हाईस्कूल संतपाली के बच्चों को गणित विषय के लिए शिक्षक मिले। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल दुर्गापाली में भौतिकी विषय के लिए शिक्षक नियुक्त हुए। उक्त स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरी होने से और स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति से विद्यार्थी और पालकों में भी ख़ुशी की लहर है कि सरकार के इस निर्णय से बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा और वे शिक्षकों के मार्गदर्शन में सही दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

# बलौदा कॉलेज में मनाया गया रजत जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में समूह चर्चा, भाषण, क्विज प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्याख्यानमाला जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।



व्याख्यानमाला कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सरायपाली चातुरी डिग्रीलाल नंद द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है, जो अपनी समृद्ध संस्कृति, ऐतिहासिक महत्व और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है। राज्य में विविध वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की प्रजातियां पाई जाती हैं, और यहां के प्रमुख उद्योगों में खनन, स्टील और ऊर्जा उत्पादन शामिल हैं। राज्य की अपनी विशिष्ट बोली और संस्कृति है, जो इसे भारत के अन्य राज्यों से अलग बनाती है। जनपद अध्यक्ष सरायपाली लक्ष्मी पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ का सुशासन ग्रामीण विकास, किसान कल्याण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राचार्य प्रोफेसर केके तिवारी ने रजत महोत्सव के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की प्रगति और विकास को मनाना और युवाओं को राज्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष द्वारा शिक्षा के उपयोगिता को बताया गया।

छत्तीसगढ़ महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया द्वारा समग्र छत्तीसगढ़ के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हुए अनुशासन, आध्यात्म, शिक्षा, नारी सशक्तिकरण को समेटते हुए ज्ञानवर्धक बातें कही गई। सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक जितेंद्र पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकगण कमला बाई दीवान, रमेश पटेल, एंजेला लकड़ा, रश्मि, माधुरी प्रधान, ऋतुराज भोई, आशुतोष मालवीय, प्रेरणा प्रधान, अनुपा निषाद सहित पालक और छात्रगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी डॉ गजानंद नायक ने किया।



## गणेश विसर्जन में भक्तों ने लगाए जयकारे जगह-जगह हुई पूजा अर्चना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में सोमवार को गांव के चौक-चौराहों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का श्रद्धा एवं उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। भगवान गणेश को भक्तगणों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाल कर विदाई दी। गणपति वन्दना प्रस्तुत की। श्रद्धालुओं ने देवा ओ देवा गणपति देवा सहित अन्य भजनों की प्रस्तुति दी। गांव के अनेक गणपति प्रतिमा को वाहनों पर विराजित कर सुंदर स्वरों में गीत गाते हुए शोभायात्रा निकाली गई। कई भक्तों ने ठेले, साइकिल व मोटरसाइकिल और बड़े वाहन ट्रैक्टर, पिकअप, छोटा हाथी में विराजित कर विसर्जन के लिए ले गए। शोभायात्रा को देखने के लिए बच्चों में भारी उत्साह रहा। जहां पर गणपति प्रतिमा को छोटे तालाब में विधिवत विसर्जित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया के नारे लगाए और नम आंखों से अलविदा किया।

## मचेवा में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन ...



**महासमुंद।** ग्राम मचेवा में सोमवार को बाजे-गाजे के साथ श्रीगणेश का विसर्जन यात्रा निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। अंत में ग्राम में स्थित सरोवर में विघ्नहर्ता को विसर्जित किया गया। इस दौरान डोमन सेन, नरेश साहू, सुनील, देवेंद्र, रवि, अजय, गोविंद, हेम शंकर यादव, सुरेश फिनेश्वर यादव, मेहुल आदि मौजूद रहे।

### परिवहन ऑपरेटर्स संघ की बैठक आयोजित हुई

**महासमुंद।** मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से परिवहन ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र तथा श्रम निरीक्षक मीनू नारायण सिंह ने जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर श्रम उप निरीक्षक अली अहमद नियाजी, बलोरसन बघेल सहित बस ऑनर एवं ऑपरेटर बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 91 तथा मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के तहत परिवहन वाहनों का संचालन करने वाले चालकों के कार्य समय प्रतिदिन 8 घंटे एवं प्रति सप्ताह 48 घंटे निर्धारित किए गए हैं। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशानुसार इन प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करना अनिवार्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इन नियमों के कड़ाई से पालन के लिए निर्देश दिए हैं। ऑपरेटर्स को अधिनियम के प्रावधानों, पंजीयन प्रक्रिया तथा कार्य के घंटों के पालन संबंधी जानकारी देकर समझाईश दी गई।

# किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में मनाया गया शिक्षक दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

किड्स एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बंसुला में शिक्षक दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः आठ बजे स्कूल के विद्यार्थी, प्राचार्या, शिक्षक व अन्य स्टाफ स्कूल पहुंच गए। इस अवसर पर प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य आरके दास उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम कार्यकम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आरबी प्रधान, पत्रकार सेवक दास दीवान, अभय धृतलहरे द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की प्रतिमा का दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात संबोधन की कड़ी में मुख्य अतिथि ने टीचर के हर अक्षर की व्याख्या कर शिक्षक की महत्ता पर प्रकाश डाला, जो अत्यंत हृदयस्पर्शी व प्रेरणादायक रहा। संबोधन की कड़ी में शिक्षकों के कर्तव्यों के संबंध में बताया, जो बहुत ही प्रशंसनीय रहा। तत्पश्चात डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मदिवस पर शिक्षकों के सम्मान में केक काटा गया। शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि आरबी प्रधान, सेवक दास दीवान, आरके दास, अभय धृतलहरे द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा शिक्षक दिवस पर अपने विचारों को व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य भगवती जगत, उप प्राचार्य नंदनी प्रधान, तन्नू निशा, हसीना बेगम, उषा बीसी, बासमती जगत, आरती नाग, शबनम जौहरी, वसुधा साव, दीपिका साव आदि मौजूद रहे।

# प्रश्नमंच, भाषण एवं ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन

## शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विधायक एवं जनभागीदारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य करूणा दुबे की अध्यक्षता में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रजत जयंती का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, विशिष्ट अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, जनभागीदारी समिति सदस्य गुलाब ठाकुर के साथ कार्यक्रम संयोजक डॉ. मालती तिवारी, सहसंयोजक अजय कुमार राजा एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दुर्गावती भारतीय मंचस्थ रही।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने रजत महोत्सव के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वागत भाषण दिया। अतिथियों ने छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किए। राठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने अपनी स्थापना के बाद से ही कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है साथ ही प्रदेश ने आर्थिक, सामाजिक, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों को प्राप्त किया है। पवन पटेल ने अपने उद्बोधन में राज्य की



सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। गुलाब ने अपने अनुभव साझा करते हुए राज्य के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से संबंधित क्विज प्रतियोगिता मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत विषय पर भाषण प्रतियोगिता और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों के सर्वाधिक विकास में योगदान विषय पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में योशिका ठाकुर, आर्यन देवांगन, मधुबाला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में दुर्गा बरिहा प्रथम, रिचा चंद्राकर एवं दिनेश साहू द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। ग्रुप डिस्कशन में भी कई छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई प्रथम स्थान पर छात्र इतवारी तुलसी विजय एवं दुर्गेश रहे। द्वितीय स्थान पर अंजलि साहू, भूपेंद्र, नागेश, अजीत बेहरा एवं सोनिया दीवान का ग्रुप रहा, साथ ही तृतीय स्थान पर योगेश कुमार, तमेश कुमार, करण एवं समीर सेवई रहे।

आभार प्रदर्शन डॉ. दुर्गावती भारतीय कार्यक्रम प्रभारी एवं मंच संचालन आशुतोष पुरी गोस्वामी ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ केशरचंद्र बनपाल, डॉ. प्रियंका चक्रधारी, मनीषा प्रधान, डॉ. जीवन चंद्राकर, डॉ. कलम रेखा एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**समंस**

**न्यायालय श्रीमान अविनाश टोपो व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

व्य.प्रकरण क्रमांक-ए57/23
पेशी तारीख 15/09/2025
प्रोसेस क्रमांक 208/25
तेज लाल पिता धरमू आयु 70 वर्ष निवासी चुरकी प.ह.नं. 127/02 रा.नि.म. खल्लारी थाना खल्लारी तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.)
..वादी
विरूद्ध
जयंती पिता शिवकुमार दीवान
निवासी चुरकी प.ह.न. 127/02 रा.नि.म. खल्लारी थाना खल्लारी तहसील बागबाहरा जिला महासमुन्द (छ.ग.)
..प्रतिवादी क्रमांक 17

वादी द्वारा इस माननीय न्यायालय के समक्ष एक वादपत्र दावा वास्ते ग्राम चुरकी में स्थित भूमि योग खसरा न. 2 योग रकबा 3.29 हैं. लगान 2.30 हे. में एक मात्र वादी का स्वत्व घोषित किये जाने हेतु घोषणात्मक वाद व प्रतिवादी कमांक 25 के पिता को वादी के पिता द्वारा दिनांक 10/03/1958 में खसरा न. 205 का टुकडा रकबा 1.61 हे. को उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में निष्पादित पंजीकृत विकय को बंधन कारी नही होने तथा अवैध एवं शुन्य घोषित किये जाने हेतु घोषणात्मक वाद व कब्जा वेदखली कर पाने अधिपत्य व स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया गया है। इसलिये तुम्हे सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 15/09/2025 को समय बजे दिन को न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत जिसको मुकदमें का हाल अच्छी तरह से समझा दिया गया है अपना पक्ष प्रस्तुत करे उक्त तिथि पर उपस्थित नही होने पर वादी के वाद पर एकतरफा कार्यवाही किये जाने पर निर्णय पारित कर दिया जायेगा। दिनांक 15/09/2025 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्य दिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा। आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

(श्रीमान अविनाश टोपो)
मुहर — न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठा श्रेणी बागबाहरा जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**
रा.प्र.क्र... /ब-121/वर्ष 2024-25
ग्राम बकमा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. कोमाखान
तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक जुगलाल पटेल पिता बुधारूराम पटेल जाति मरार निवासी बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनकी दादी समारी पति पूरन का मृत्यु दिनांक 25.10.2019 को ग्राम बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके अन्य परिजनों की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक द्वारा अपनी दादी समारी पति पूरन की मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार एवं ग्राम पंचायत बकमा को नहीं दे पाया, जिसके कारण रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत बकमा के द्वारा आवेदक की दादी समारी पति पूरन का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी दादी समारी पति पूरन का मृत्यु दिनाक 25.10.2019 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है. जिसमें आगामी पेशी दिनांक-23.09.2025 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वय या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 23.09.2025 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/ दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार कोमाखान

## खबर संक्षेप



### नवरात्र को लेकर दुर्गा वाहिनी व बजरंग दल की हुई बैठक

**सरायपाली।** नवरात्र में दुर्गा वाहिनी द्वारा शस्त्र पूजा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल के नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। बैठक में बजरंग दल के दायित्ववान कार्यकर्ता, दुर्गा वाहिनी के दायित्ववान कार्यकर्ता, मातृशक्ति, एवं विहिप के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से अनिता चौधरी जिला संयोजक, गुड्डू जायसवाल शहर प्रखंड अध्यक्ष, महेश ग्रामीण अध्यक्ष, प्रखंड महामंत्री तेजराम बिशी एवं नमिता साहू प्रखंड संयोजिका आदि उपस्थित रहे।



### सोरम में गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**खल्लारी।** ग्राम सोरम में हर वर्ष भांति इस वर्ष भी नवयुवक गणेश समिति दुर्गा चौक का भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। गणेशोत्सव पर्व के 11वें दिन पूरे धूमधाम से एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर बड़े उत्साह के साथ गांव के तालाब में भगवान गणेश की प्रतिमा को गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे के साथ विसर्जन किया। विसर्जन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष लेखराम ध्रुव, उपाध्यक्ष खेमराज यादव, मुकेश दीवान, ललित दीवान, दोस्त दीवान, सेवक ध्रुव, मोनू दीवान, सोनू दीवान, अरुण दीवान, चमन दीवान, सीताराम दीवान, गोविंद यादव, ओंकार यादव, उत्तम यादव, ओंकार ध्रुव, शुभम ध्रुव, जितेश ध्रुव, पप्पू पटेल, दीपक ध्रुव, सुभाष दीवान एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला आज

**महासमुंद।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन 9 सितंबर को दोपहर 3 बजे जिला भाजपा कार्यालय में किया जाएगा। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देंगे। साथ ही अन्य वरिष्ठ नेताओं की भी उपस्थिति रहेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने बताया कि कार्यशाला में पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, जिला पदाधिकारी, निगम-मंडल के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/पार्षद, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, विसं संयोजक एवं सहसंयोजक, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक तथा सेवा पखवाड़ा की जिला एवं मंडल टीम के सभी सदस्यों को आमंत्रित किया गया है।

# हाथीबाहरा में आदिवासी समाज ने की बूढ़ादेव व पुरखा शक्तियों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

राजगोंड समाज राज सुवरमार कोमाखान के तत्वावधान में बूढ़ादेव मंदिर हाथीबाहरा में एक कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम इष्टदेव भगवान बूढ़ादेव व पुरखा शक्तियों की पूजा अर्चना एवं आरती कर की गई। इसके बाद आदिवासी पारंपरिक नृत्य स्वागत गीत समाज के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बागबाहरा सभापति एवं राजगोंड समाज अध्यक्ष तुलाराम मांझी रहे। विशिष्ट के अतिथि के रूप में राज गोंड समाज संरक्षक गौतम नेताम, उपाध्याय तिरपत जगत, सचिव रामचरण मरकाम मंचासिन रहे।

मुख्य अतिथि तुलाराम मांझी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदिवासी समाज में हम सब अपने संस्कृति को संजोए हुए है। साथ ही सामाज के सभी की जिम्मेदारी है कि हमें पीछे नहीं हटना है। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। युवा वर्ग को मंदिरा पान नशे से दूर रहने प्रेरित किया। वहीं जल, जंगल व जमीन की रक्षा करना हमारा



कर्तव्य है। हमारे पुरखों ने हमें जल जंगल को संजोय रखने के लिए कहा है। मंच संचालन मुकेश मरकाम ने किया। इस दौरान सरंक्षक गौतम नेताम, राजगोंड समाज अध्यक्ष तुलाराम ठाकुर, उपाध्यक्ष तिरपत जगत, सचिव रामचरण मरकाम, सहसचिव केवल नेताम, कोषाध्यक्ष मंगलू ठाकुर, सलाहकार विद्याधर, संचालक मुकेश मरकाम, माधव मांझी, समाज प्रमुख पुजारी रामसाय ओटी, चमारराय नेताम, सोनू नेताम, संतराम नेताम, सर्कल सभापति उदेराम नेताम, भुनेश्वर जगतब्रम्हदेव मांझी, सर्कल सभापति रुद्रे नेताम, भोजराम जगत, रघुनाथ मरई, ठाकुर राम जगत, सर्कल सभापति छबेलाल मरकाम, झुमकू पोटा, रंजीत मरकाम, सभापति सोनसाय नेताम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दशोदा मांझी, सचिव किरन नेताम, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष छत्तरसाय सोरी, सचिव किशोर नेटी, सहसचिव भक्तु मरकाम, आत्माराम मरकाम, भूषण मरकाम, खीरु नेताम, फग्गु नेताम, केवल पोडेटी, सदाराम मरकाम, दशरथ ओटी, नारायण ओटी, छत्तरसाय समाज, मीडिया प्रभारी तूफान दीवान समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे है।

## अभियान: उद्देश्य, परिकल्पना तथा समग्र लक्ष्य पर की गई विस्तार से चर्चा

# आदि कर्मयोगी अभियान, बागबाहरा में हुई गवर्नेंस प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा




जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत सभागार बागबाहरा में गवर्नेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अभियान की शपथ ली और इसके उद्देश्य, परिकल्पना तथा समग्र लक्ष्य पर विस्तार से चर्चा की गई।

आदि कर्मयोगी अभियान एक परिवर्तनकारी राष्ट्रीय आंदोलन है, जो प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के आह्वान का प्रतीक है। यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों में शासन की नई कल्पना करता है, जिसमें शासन केवल ऊपर से नीचे सेवा प्रदाय का माध्यम न होकर समुदाय संचालित आंदोलन के रूप में कार्य करेगा। इस अभियान का मकसद जनजातीय नागरिकों को सिर्फ लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि परिवर्तन के अगुवा, परंपरा के संरक्षक और विकास के सह-निर्माता के रूप में स्थापित करना है। इस अभियान के तहत 30 राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 550 से अधिक जिलों, 3000 विकासखंडों और लगभग 1 लाख गांवों में कार्य किया जाएगा। इसमें 20 लाख से अधिक आदि कर्मयोगी, आदि सहयोगी एवं आदि साथी की टीमें ग्राम विकास योजना बनाकर सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने आदि कर्मयोगी अभियान की एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे संविधान की अवधारणा और जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्यों के अधीन रहते हुए जनजातियों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगे। सहभागी लोकतंत्र की भावना को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। तथा राष्ट्र की सतत प्रगति के लिए उत्तरदायी विकास में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सीईओ मनहरण लाल मंडावी, जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, जनपद सदस्यगण भूपेंद्र दीवान, मानबाई मंगलू, थानेश्वरी प्रहलाद साहू, तारेश्वरी पालेश्वर पटेल, भगवती राजकुमार ठाकुर, सरपंचगण एडिसन ठाकुर, सेवाराम साहू, खेमराज सिन्हा, गोवर्धन पटेल और अंजोर ठाकुर उपस्थित रहे। वहीं अधिकारीगणों में वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बीएस बढाई, आदिम जाति कल्याण विभाग से मनोज चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग से मीना चंद्राकर, करोरोपण अधिकारी मानसिंह बरिहा, विकास विस्तार अधिकारी जीआर बरिहा, सभा को भावना गुप्ता और सरोजिनी आदित्य द्वारा कर्मयोगी अभियान की बारे में विस्तृत जानकारी दिए।

# झलप अस्पताल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

5 से 8 सितंबर तक मनाए गए नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत झलप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों को नेत्रदान के महत्व एवं आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव के निर्देशन एवं डॉ अनिल गोरियर के मार्गदर्शन से किया गया।

कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी पुष्पलता नायक ने कहा कि हमारी आंखें हमारे बाद भी किसी के जीवन का उजियारा बन सकती हैं। उन्होंने नेत्रदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए स्पष्ट किया कि लंका जैसे देश में नेत्रदान अनिवार्य (कंपल्सरी) है। साथ ही यह भी बताया गया कि नेत्रदान के लाभ कौन ले सकता है और किन लोगों को इसका लाभ नहीं मिल सकता। झलप को मोतियाबिंद मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए उन्होंने सभी से नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री, झलप सरपंच राकेश साहू ने घोषणा की कि नेत्रदान का संकल्प लेने वाले प्रबुद्ध नागरिकों का ग्राम पंचायत स्तर पर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में उप सरपंच किशन कोसरिया, विधायक प्रतिनिधि बलि चौधरी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष डोमन यादव, संतोष पंडा, पूरन मार्कण्डेय, दुकाला साहू सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामीण चिकित्सा सहायक अंजली ठाकुर एवं संकुल समन्वयक सतीश तिवारी भी मौजूद रहे। नेत्र सहायक पुष्पलता नायक ने झलप को मोतियाबिंद मुक्त क्षेत्र बनाने और नेत्रदान में सहयोग करने की अपील की।

# बार-बार राहत की बात कर भाजपा खुद बता रही कि 8 साल उसने जीएसटी में लूटा : अंकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- **कांग्रेस और राहुल गांधी ने पहले ही कहा था : जीएसटी देश की जनता पर आपदा है**



कांग्रेस पार्टी के नेता अंकित बागबाहरा ने कहा कि देश के व्यापार, उद्योग को तबाह करने के बाद मंहगाई बढ़ाने के बाद और आठ सालों में कुल 118 लाख करोड़ का जीएसटी अर्जित करने के बाद और केंद्रीय हिस्से में 45 लाख करोड़ की आय अर्जित करने के बाद मोदी सरकार ने जीएसटी के दो स्लैब में कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के लगातार बोलने के बाद पहले भी सैकड़ों परिवर्तन किए और अभी जीएसटी 2.00 के नाम से कुछ और सुधार किया है। 28 और 12 प्रतिशत का स्लैब को कम किया है, लेकिन 40 प्रतिशत का नया स्लैब जीएसटी में जोड़ दिया।

अंकित ने बताया कि 1 जुलाई 2017 बिना तैयारी के त्रुटिपूर्ण कर प्रणाली को आधी रात घंटा बजाकर जिस जीएसटी को आर्थिक आजादी बताए मोदी सरकार ने उस पर अब यू-टर्न ले लिया है। इनकी चालाकी देखिए पहले टैक्स फ्री आइटम पर भी 5, 12 और 28 प्रतिशत टैक्स लगा दो, फिर 8 साल बाद 5 और 18 प्रतिशत करके अहसान जताओ। मोदी सरकार ने अब स्वीकार किया है कि जीएसटी 1.0 अन्यायपूर्ण टैक्स था, आज भी जीएसटी 2.0 में भी मोदी सरकार ने कृषि सेक्टर की 35 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी लगाया है, 28 प्रतिशत का भारी भरकम जीएसटी स्लैब दुनिया में कहीं और नहीं है। किराना पर 12 नहीं 5 प्रतिशत लगना चाहिए। ये समझने 8 साल बाद के बाद अब होश आया। फिर भी नहीं सुधरे 40 प्रतिशत का नया स्लैब ले आए।

सरकार ने 1200 सीसी से अधिक के वाहनों पर भी 40 प्रतिशत जीएसटी लगाया है, जीएसटी 2.0 में भी जीरो रेटेड, नील रेटेड के अलावा सोने-चांदी पर 3 प्रतिशत, दैनिक उपभोग की वस्तुओं पर 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत के साथ 40 प्रतिशत का भी स्लैब भी रहेगा, मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर 2025 से केवल 2 जीएसटी स्लैब का दावा झूठा है।

### गुड शेफर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस बड़े उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा और साक्षरता के महत्व को उजागर किया गया, जो विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक है। कार्यक्रम की शुरुआत उप प्राचार्या मिताली गुरंग के प्रेरणादायी संबोधन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान और शिक्षा के महत्व प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्या एवं शिक्षा मनुष्य का सबसे शक्तिशाली हथियार है। विद्यार्थियों ने साक्षरता पर रचनात्मक पोस्टर तैयार किए उनके प्रयासों ने इस आयोजन को और भी आकर्षक और अर्थपूर्ण बना दिया। अंश गणवीर ने भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि समाज के निर्माण और व्यक्तियों को सशक्त बनाने में शिक्षा की विशेष भूमिका होती है। हेड गर्ल इशरत बानो ने मनुष्य के जीवन में शिक्षा की अनिवार्यता एवं आवश्यकता को बताया। शिक्षक दिलीप टंडन ने कहा कि शिक्षा ऐसा धन है, जिसे कोई चोरी नहीं कर सकता। अफ़रोज़, यास्मीन ख़ान, सुमीत और अनुज आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा और अधिगम पर प्रेरणादायी उद्धरणों की सुंदर व्याख्या कर मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम वास्तव में विद्यार्थियों को शिक्षा का मूल्य समझाने और समाज में साक्षरता फैलाने में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है।

# जिले की पुलिस किसानों से वसूली और अपराधियों को दे रही खुलेआम संरक्षण: रश्मि



**महासमुंद।** साय सरकार की पुलिस नाकाम तो थी ही और अब किसान विरोधी और अपराधियों को संरक्षण देने वाली बन गयी है। महासमुंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पुलिस और राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा की कार्यप्रणाली पर कई सवाल हैं। पुलिस और राज्य सरकार के गृह मंत्री तो कानून व्यवस्था तो संभाल नहीं पा रही। और अब जिले की पुलिस किसानों से वसूली और अपराधियों को खुलेआम संरक्षण दे रही है।

आगे डॉ रश्मि ने बताया कि बलौदा थाना में मुख्यमंत्री कामधेनू योजना के तहत गए खरीदी कर गाय ले जा रही किसान को पशु तस्कर बात कर पुलिस द्वारा उसे किसान को प्रताड़ित किया गया और 60000 रुपए वसूली की खबर और पटेवा पुलिस द्वारा गांजा तस्कर को पैसे लेकर छोड़ने की खबर और तुमगांव में देह व्यापार और अवैध शराब को पुलिस की संरक्षण तुमगांव में जारी है। अवैध व्यापार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नपं अध्यक्ष को ही कथित झूठे आरोपों में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सप्ताहभर से जारी घटनाक्रम के बाद रविवार को तुमगांव के नागरिकों ने पुलिस के उस दावे की भी कलई खोल कर रख दी, जिसमें कहा गया था कि अवैध शराब बिक्री और देह व्यापार पर पुलिस का पूरा नियंत्रण है और अब यह अवैध कार्य यहां नहीं होते। पूरे जिले में अवैध नशे के कारोबारों पर पुलिस के संरक्षण से यह स्पष्ट होता है कि जिले में पुलिस के संरक्षण में ही अवैध कारोबार फल फूल रही जिस से यह स्पष्ट होता है कि गृहमंत्री से विभाग नहीं संभल पा रहा है और गृहमंत्री विजय शर्मा तत्काल इस्तीफा दें।

# विधायक ने किया शिवाय क्रिकेट अकादमी की जर्सी का अनावरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शिवाय क्रिकेट अकादमी की नई जर्सी का अनावरण हुआ। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के प्रमुख तृपेश साहू जीएनआईएस क्रिकेट कोच द्वारा किया गया। विधायक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, खेलों से युवा वर्ग में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, महामंत्री ग्रामीण मंडल रोहित चंद्राकर, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, संतोष साहू व्याख्याता (डाइट) एवं किरण कन्नौजे व्याख्याता (डाइट), राजेश चौधरी सहित अकादमी के मुख्य कोच तृपेश साहू, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर सरकार ने जनता को आर्थिक संकट की ओर धकेला : निखिल

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहले 400 यूनिट बिजली खपत पर इस योजना का लाभ मिलता था। जिसे घटाकर 100 यूनिट कर दिया गया है, जो प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों के साथ अन्याय है। साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूर्ववर्ती सरकार की 50 प्रतिशत बिजली बिल छूट योजना (बिजली बिल हाफ योजना) की छूट सीमा को घटाकर जनहित के इस महत्वपूर्ण योजना को लगभग पूरी तरह बंद कर दिया गया है। इस योजना से प्रदेश के 60 लाख गरीब व मध्यम वर्गीय घरेलू उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा था और महंगाई के इस दौर में उन्हें बड़ी राहत मिली थी। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आधे बिल की छूट मिलने से वे अपनी आमदनी का सही उपयोग बच्चों की शिक्षा, घर खर्च और स्वास्थ्य पर कर पा रहे थे। आज जब इस योजना को बंद कर दिया गया है, तो अचानक ही उपभोक्ताओं पर दोगुना बोझ बढ़ गया है। एक सामान्य परिवार, जो पहले 400 से 500 रुपए मासिक बिल देता था, अब उसे 800 से 1000 रुपए का बिल चुकाना पड़ रहा है। महंगाई, बेरोजगारी और लगातार बढ़ते घरेलू खर्च के बीच यह कदम जनता के लिए कठिनाई और पीड़ा का कारण बन गया है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह आम जनता की पीड़ा को समझे और तत्काल से 400 यूनिट तक बिजली खपत पर 50 प्रतिशत बिजली बिल छूट योजना को पुनः लागू करें। जनता के साथ किए गए वादों और अपेक्षाओं को तोड़ना किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए उचित नहीं है। हम नगर पालिका परिषद महासमुंद की ओर से इस निर्णय का पुरजोर विरोध करते हैं, और प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि वह आम जनता के हित में तुरंत निर्णय लेकर बिजली बिल में पूर्व की तरह 50 प्रतिशत छूट प्रदान करे। यदि सरकार ने इस विषय पर जल्द विचार नहीं किया तो जनता की आवाज़ और संघर्ष को रोक पाना मुश्किल होगा। यह लड़ाई आम जनता की राहत और हक़ की लड़ाई है।



# जनता की समस्याओं, मांगों को जिपं सदस्य सृष्टि ने सामान्य सभा में रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य सृष्टि चंद्राकर ने पत्र के माध्यम से विभिन्न मांगे रखीं। उल्लेखनीय है कि सृष्टि द्वारा जिला पंचायत की बैठक संबंधी मांग उठाने के बाद प्रशासन द्वारा जिपं अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। विगत 5 महीने से जिला पंचायत सदस्यों, सभापतियों की बैठक नहीं हो पाई थी। जिसके चलते जिले के विभिन्न आवश्यकताओं व समस्याओं पर चर्चा नहीं हो पा रही थी। इस मुद्दे को सृष्टि ने प्रमुखता से उठाते हुए बैठक कराने की मांग की थी। जिपं सदस्य सृष्टि द्वारा प्रेषित पत्रों में उप संचालक कृषि को जिले में खाद-बीज की



उपलब्धता, जांच प्रकरण एवं फसल बीमा/ आपदा सहायता संबंधी जानकारी मांगी गई है। जिसमें सोसायटी एवं निजी संस्थानों में खाद बीज की उपलब्धता, औचक जांच प्रकरण एवं कार्रवाई, फसल बीमा क्षतिपूर्ति राशि, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा वितरण, किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं से संबंधित लगाए गए शिविरों की जानकारी मांगी गई है। वहीं, जिला शिक्षा अधिकारी को प्रेषित पत्र में ग्राम पंचायत अछरीडीह के आश्रित ग्राम नवापारा के प्राथमिक शाला को युक्तियुक्तकरण के तहत मर्ज किए जाने से स्कूल के यू-डाइस कोड में हुए त्रुटि के कारण आ रही समस्याओं, नियम विरूद्ध की गई युक्तियुक्तकरण पर त्रुटि सुधार के लिए की गई कार्रवाई की जानकारी आदि मांगी गई। सीईओ जिला पंचायत को प्रेषित पत्र में पंचायतों को 16वीं वित्त आयोग की राशि आबंटन संबंधी निवेदन किया गया। उद्योग विभाग को प्रेषित पत्र में सीएसआर मद के उपयोग हेतु उद्योग विभाग की भूमिका एवं संबंधित कंपनियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग, जिला स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित पत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित तकनीकी समसयाओं एवं योजनाओं की स्थिति से अवगत कराने जिसमें तुमगांव 100 बेड स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी लाइट बंद होने की स्थिति में जनरेटर को डीजल की आपूर्ति नहीं हो पाने, जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब होने की जानकारी मांगी।

